Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-07-2006

Participants : Thummar Shri Virjibhai

an>

Title : Need to provide financial assistance for fencing of agriculture land in Dhari, Amreli and Kukabao Tehsils in district Amreli, Gujarat with a view to protect the crops from the menace of wild animals.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में नील गाय एवं रोज। वूल1 नाम पशु अमरेली के किसानों के खेतों को बुरी तरह से बरबाद कर रहे हैं जिसके कारण किसानों की खून पसीने की कमाई को यह पशु बरबाद करते हैं और दूसरी ओर देश के उत्पादन को ठेस पहुंचती है। फसल बरबाद होने के कारण किसान अपने ऋण को समय पर अदा नहीं कर पाते हैं और अपने परिवार का लालन पालन भी ठीक ढंग से नहीं कर पाते हैं। ऋण को समय पर अदा नहीं करने पर मेरे क्षेत्र के राजूला तहसील में एक किसान ने आत्महत्या कर ली है। नील गाय ए वं चिंकार को मारना वन्य जीव कानूनों की दृटि से गलत है इसलिए किसान इनको मार नहीं सकते हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र स्तर पर मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के धारी, अमरेली एवं कुकावाव तालूकाओं के किसानों के खेतों की फेंसिंग करने के लिए सहायता की जाये जिससे इन पीड़ित किसानों की फसल को बचाया जा सके और पशुओं को भी नहीं मारा जाये।